महोबा पुलिस

दिनांक- 04.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 978/26

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 04.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 04.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 979/26

महोबा पुलिस

सर्किल कुलपहाड़ थाना महोबकंठ

ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने 12 वर्षीय गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा।

महोबा पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चों की सकुशल बरामदगी हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में थाना महोबकंठ पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घर से लापता हुए 12 वर्षीय बालक को अथक प्रयासों के बाद सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

आज दिनांक 04.11.2026 को रात्रि करीब 01:00 बजे पीआरवी-7347 के माध्यम से थाना महोबकंठ पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कोहनिया निवासी आयुष पुत्र महेन्द्र अहिरवार, उम्र करीब 12 वर्ष, दिनांक 03.11.2026 को सायं घर से कहीं चला गया है तथा वापस नहीं लौटा है।

उक्त सूचना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर बालक की तलाश प्रारम्भ की गई।

थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा पूरी रात लगातार अथक प्रयास करते हुए संभावित स्थानों पर तलाश एवं जानकारी जुटाई गई। पुलिस टीम के सतत प्रयासों के फलस्वरूप आज प्रातः करीब 09:00 बजे गुमशुदा बालक आयुष को ग्राम कोहनिया के बाहर स्थित एक खंडहरनुमा मकान से सकुशल बरामद कर लिया गया, जहां वह सोया हुआ था। पुलिस टीम द्वारा बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने बच्चे को सकुशल पाकर परिजनों ने महोबा पुलिस का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बालक को सकुशल बरामद किया गया।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह, थाना महोबकंठ
2. अपराध निरीक्षक श्री बलवान सिंह, थाना महोबकंठ
3. का0 साहब सिं
4. कां0 नितिन कुमार
5. कां0 सारंग रंजन मिश्रा





दिनांक- 04.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 980/26

महोबा पुलिस

सर्किल कुलपहाड़ थाना महोबकंठ

थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा

पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आज दिनांक 04.11.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 137/2026, धारा 137(2)/87/64 बीएनएस एवं धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

थाना महोबकंठ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त विकेश पुत्र गोविन्दास, उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी ग्राम नकरा, थाना पनवाड़ी, जनपद महोबा को कनकुवा तिराहे से पुलिस हिरासत में लिया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय महोबा के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:

विकेश पुत्र गोविन्दास, उम्र करीब 24 वर्ष, निवासी ग्राम नकरा, थाना पनवाड़ी, जनपद महोबा।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:

1. उपनिरीक्षक रोहित कुमार
2. कांस्टेबल रोहित लोधी



महोबा पुलिस

दिनांक- 04.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 983/26

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित कर सभ्रान्त नागरिकों से संवाद स्थापित किया गया तथा पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आपसी सौहार्द एवं शातिपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आगामी धनतेरस एवं दीपावली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 04.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के साथ थाना कोतवाली नगर परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के धर्मगुरुओं, गणमान्य एवं सम्भ्रान्त नागरिकों ने प्रतिभाग किया।

बैठक के दौरान आगामी धनतेरस एवं दीपावली पर्व के दृष्टिगत थाना क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित लोगों से संवाद स्थापित करते हुए आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सूचनाएं प्रसारित न करने के संबंध में जागरूक किया गया।

बैठक में उपस्थित लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा असामान्य परिस्थिति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी से आपसी सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने तथा त्योहारों के दौरान शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया गया।

इसके उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में पैदल गश्त की गई। इस दौरान बाजारों एवं प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आमजन एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित किया गया तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पैदल गश्त के दौरान संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहने, सतर्क दृष्टि बनाए रखने तथा आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

महोबा पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निरंतर प्रभावी पुलिस प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं।



